Teachingninja.in

Latest Govt Job updates

Private Job updates

Free Mock tests available

Visit - teachingninja.in

# UP Police Constable

## Previous Year Paper

### 17 Feb, 2024 Shift 2

Teachingninja.in

प्रश्न पुस्तिका संख्या

82040532

| इस पुस्तिका में 24 पृष्ठ हैं। | **DH-1** प्रश्न पुस्तिका |
|---|---|

इस प्रश्न पुस्तिका को तब तक ना खोलें जब तक कहा न जाए।
इस प्रश्न पुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।
**निर्देशों का अंग्रेजी संस्करण पिछले आवरण पृष्ठ पर उपलब्ध है।**

**निर्धारित समय : 120 मिनट** **अधिकतम अंक : 300**

- **प्रश्न पुस्तिका संख्या और ओ.एम.आर. संख्या का मिलान करना आवश्यक नहीं है, यह अलग-अलग हो सकते हैं।**

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :**

1. ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक प्राप्त होने के उपरांत जब आपको निर्देशित किया जाए तो ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में दिए हुए विवरण को **नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** से ध्यानपूर्वक भरें।
2. परीक्षा की अवधि **120** मिनट है एवं कुल **150** बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में सही उत्तर के लिए **2** अंक हैं। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए **0.5** अंक काटा जाएगा।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्रक पर निशान लगाने के लिए केवल **नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का ही प्रयोग करें।
4. **यह सुनिश्चित कर लें कि ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक में भरी गयी प्रश्न पुस्तिका संख्या वही है जो इस प्रश्न पुस्तिका में अंकित है।** प्रश्न-पुस्तिका संख्या आवरण पृष्ठ पर ऊपर बायीं ओर दी गई है।
5. रफ (कच्चा) कार्य परीक्षा पुस्तिका में दी गई खाली जगह पर ही करें।
6. सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु व्हाइटनर/रबड़/ब्लेड का प्रयोग निषिद्ध है।
7. प्रश्न पुस्तिका खोलने के तुरंत बाद जाँच करके देख लें कि प्रश्न पत्र की पृष्ठों की संख्या इस पेज के शीर्ष पर लिखित संख्या के समान है। यह भी जाँच लें कि प्रश्न पुस्तिका में कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ या प्रश्नांश नहीं है। यदि प्रश्न पुस्तिका में कोई कमी हो तो कक्ष अन्तरीक्षक को दिखाकर दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लें।
8. परीक्षार्थी किसी भी पृष्ठ/पृष्ठों को प्रश्न पुस्तिका से अलग नहीं करेगा। यदि कोई भी पृष्ठ उसकी प्रश्न पुस्तिका से लापता पाया जाता है, वह उपयुक्त कार्रवाई के लिए जिम्मेदार हो सकता है।
9. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गये चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए ओ.एम.आर. उत्तर पत्रक पर केवल एक गोले को ही पूरी तरह **नीले/काले बॉल पॉइंट पेन से भरें**। एक बार उत्तर अंकित किए जाने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है।
10. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि उत्तर पत्रक को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें।
11. प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल प्रश्न पुस्तिका में कमी को छोड़कर) दूसरी प्रश्न पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।
12. प्रश्न पुस्तिका में दिए गए प्रश्न पुस्तिका क्रमांक को परीक्षार्थी सही तरीके से उपस्थिति पत्रक में लिखें।
13. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, कक्ष अन्तरीक्षक को अपना प्रवेश पत्र दिखाएँ।
14. अधीक्षक या कक्ष अन्तरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें।
15. कार्यरत कक्ष अन्तरीक्षक को अपना उत्तर पत्रक दिए बिना परीक्षार्थी अपना स्थान नहीं छोड़ेंगे। यदि किसी परीक्षार्थी ने उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर नहीं किए तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्रक नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा।
16. पेन्सिल, कैलकुलेटर, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस अथवा अन्य किसी इलैक्ट्रानिक यन्त्र का परीक्षा कक्ष में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।
17. प्रश्न पुस्तिका में सामान्य हिन्दी के अतिरिक्त सभी प्रश्न अंग्रेजी और हिन्दी में होंगे। हिन्दी व अंग्रेजी संस्करण में अंतर होने पर या हिन्दी संस्करण में कोई भी भ्रम की स्थिति होने पर प्रश्न के अंग्रेजी संस्करण को देखें। अंग्रेजी संस्करण को ही प्रमाणित माना जाएगा।
18. अभ्यर्थी बोर्ड/कक्ष अन्तरीक्षक द्वारा दिए गए निर्देशों से आबद्ध होगा। अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा कक्ष में अनुचित संसाधनों अथवा निषिद्ध उपकरणों का प्रयोग करने, छद्म प्रतिरूपण (Impersonation) करने, अनुशासनहीनता, दुर्व्यवहार एवं अवांछनीय कार्य करने पर उसके विरुद्ध अभ्यर्थन निरस्त करने, भविष्य में होने वाली परीक्षाओं से प्रतिवारित (Debar) करने तथा वैधानिक कार्यवाही संस्थित करने की कार्यवाही की जायेगी।
19. परीक्षा के उपरांत अभ्यर्थी ओ.एम.आर. की प्रतियों को बिना पृथक किये यथास्थिति में ही कक्ष अंतरीक्षक को लौटा दें। कक्ष अन्तरीक्षक द्वारा अभ्यर्थी को उत्तर पत्रक की अभ्यर्थी प्रति हस्तगत करायी जायेगी, जिसे अपने साथ ले जाने पर ही कक्ष छोड़ने की अनुमति दी जायेगी। प्रश्न पुस्तिका अभ्यर्थी को अपने साथ ले जाने की अनुमति है।

Teachingninja.in

1. 11 परिणामों का औसत 50 है । यदि पहले छह परिणामों का औसत 51 है और अंतिम छह का औसत 59 है, तो छठा परिणाम ज्ञात करें ।
The average of 11 results is 50. If the average of first six results is 51 and that of the last six is 59, then find the sixth result.
(A) 110 (B) 66 (C) 107 (D) 86

2. दीप्तेश और तुषार अलग-अलग कार्य करते हुए एक कार्य को क्रमशः 9 और 12 दिनों में पूरा कर सकते हैं । दीप्तेश से प्रारंभ करके यदि वे बारी-बारी से एक-एक दिन कार्य करते हैं, तो कार्य कितने दिनों में पूरा हो जाएगा ?
Diptesh and Tushar working separately can do a piece of work in 9 and 12 days respectively. If they work for a day alternately, Diptesh beginning, in how many days, the work will be completed ?
(A) 11 (B) 10 (C) 43/4 (D) 41/4

3. 33 मीटर कपड़ा बेचने पर, व्यक्ति को 11 मीटर का विक्रय मूल्य प्राप्त होता है । लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिये ।
By selling 33 metres of cloth, one gains the selling price of 11 metres. Find the gain percent.
(A) 50% (B) 20% (C) 65% (D) 25%

4. एक राशि को 3 वर्षों के लिए एक निश्चित दर पर साधारण ब्याज पर रखा गया था । इसे 2% अधिक दर पर रखा गया होता, तो ₹ 420 अधिक प्राप्त हुए होते । राशि ज्ञात कीजिये ।
A sum was put at simple interest at a certain rate for 3 years. Had it been put at 2% higher rate, it would have fetched ₹ 420 more. Find the sum.
(A) ₹ 7,500 (B) ₹ 6,000
(C) ₹ 8,000 (D) ₹ 7,000

5. P, Q और R प्रत्येक ₹ 20,000 का निवेश करके एक व्यवसाय शुरू करते हैं । 5 महीने के बाद P ने ₹ 5,000 निकाले । Q ने ₹ 4,000 निकाले और R ने ₹ 6,000 का अतिरिक्त निवेश किया । वर्ष के अंत में कुल लाभ ₹ 34,950 दर्ज किया गया । P का हिस्सा ज्ञात कीजिये ।
P, Q and R started a business each investing ₹ 20,000. After 5 months, P withdrew ₹ 5,000, Q withdrew ₹ 4,000 and R invested ₹ 6,000 more. At the end of the year, a total profit of ₹ 34,950 was recorded. Find the share of P.
(A) ₹ 14,100 (B) ₹ 10,600
(C) ₹ 10,800 (D) ₹ 10,250

6. अनुक्रम 14, 10, 6, 2, ... का 14वाँ पद ज्ञात कीजिए ।
Find the 14th term of the sequence 14, 10, 6, 2, …… .
(A) – 42 (B) –34 (C) – 46 (D) –38

7. त्रिभुजाकार खेत का आधार उसकी ऊँचाई से तीन गुना है । यदि खेत की जुताई की लागत ₹ 24.68 प्रति 100 $m^2$ के अनुसार ₹ 333.18 है, तो इसका आधार ज्ञात कीजिए ।
The base of triangular field is three times its altitude. If the cost of cultivating the field at ₹ 24.68 per 100 $m^2$ be ₹ 333.18, find its base.
(A) 90 m (B) 30 m (C) 110 m (D) 60 m

8. यदि वंदन 20 किमी/घंटा की गति से दौड़ता है, तो उसे 500 मीटर की दूरी तय करने में कितने मिनट लगेंगे ?
How many minutes does Vandan take to cover a distance of 500 m, if he runs at a speed of 20 km/hr ?
(A) 1.5 (B) 1 (C) 1.75 (D) 1.25

**प्र. सं. 9 से 13 :** निम्नलिखित रेखा ग्राफ 2001 से 2007 की अवधि के दौरान किसी कंपनी द्वारा आयात की मात्रा और उस कंपनी से निर्यात की मात्रा का अनुपात दर्शाता है :
**Q. Nos. 9 to 13 :** The following line graph gives the ratio of the amount of imports by a company to the amount of exports from that company over the period from 2001 to 2007 :

**विगत वर्षों में किसी कंपनी द्वारा आयात और निर्यात की मात्रा का अनुपात**
**Ratio of amount of Imports to Exports by a Company over the Years**




9. किस वर्ष में कंपनी के निर्यात के अनुपात में आयात न्यूनतम था ?
The imports were minimum proportionate to the exports of the company in the year
(A) 2004 (B) 2002
(C) 2005 (D) 2003


Teachingninja.in

10. यदि 2004 में आयात ₹ 240 करोड़ और वर्ष 2004 और 2005 में मिलाकर कुल निर्यात ₹ 500 करोड़ था, तो 2005 में आयात कितना था ?
(A) ₹ 420 करोड़ (B) ₹ 200 करोड़
(C) ₹ 450 करोड़ (D) ₹ 250 करोड़
If the imports in 2004 were ₹ 240 crores and the total exports in the years 2004 and 2005 together were ₹ 500 crores, then the imports in 2005 were
(A) ₹ 420 crores (B) ₹ 200 crores
(C) ₹ 450 crores (D) ₹ 250 crores

11. दिए गए वर्षों में से कितने वर्षों में निर्यात आयात से अधिक था ?
In how many of the given years were the exports more than the imports ?
(A) 3 (B) 1 (C) 4 (D) 2

12. यदि 2002 में कंपनी का आयात ₹ 260 करोड़ था, तो 2002 में कंपनी का निर्यात था :
If the imports of the company in 2002 were ₹ 260 crores, the exports from the company in 2002 were
(A) ₹ 310 करोड़ / ₹ 310 crores
(B) ₹ 360 करोड़ / ₹ 360 crores
(C) ₹ 275 करोड़ / ₹ 275 crores
(D) ₹ 325 करोड़ / ₹ 325 crores

13. 2003 से 2004 तक आयात में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई ?
What was the percentage increase in imports from 2003 to 2004 ?
(A) 82
(B) 56
(C) डेटा अपर्याप्त है/Data inadequate
(D) 67

14. वह वेन आरेख चुनें जो दी गई वस्तुओं के बीच संबंध को सबसे अच्छी तरह से समझाता है : जानवर, सब्जियाँ, आलू
Choose the Venn diagram which best explains relationship among given items : Animals, Vegetables, Potatoes

(A) 
(B) 
(C) 
(D) 

15. निम्नलिखित प्रश्न में, एक शब्द दिया गया है, उसके बाद चार शब्द दिए गए हैं, जिनमें से एक दिए गए शब्द के अक्षरों का उपयोग करके नहीं बनाया जा सकता है। वह शब्द ज्ञात कीजिए।
In the following question, one word is given, followed by four words, one of which cannot be formed using the letters of the given word. Find that word.
RECOMMENDATION
(A) MONITOR (B) MEDICINE
(C) COMMON (D) MEDIATE

16. दिए गए चित्र में, यदि त्रिभुज डॉक्टर को दर्शाता है, वर्ग वकील को दर्शाता है और वृत्त साक्षर को दर्शाता है, तो उन डॉक्टरों और वकीलों की संख्या क्या है जो साक्षर हैं ?
In the given figure, if Triangle represents Doctor, Square represents Lawyer and Circle represents Literate, then what is the number of those Doctors and Lawyers who are Literate ?




(A) 6 (B) 3 (C) 8 (D) 5

17. यदि '+' का अर्थ भाग है, '÷' का अर्थ गुणा है, '×' का अर्थ घटाव है और '–' का अर्थ जोड़ है, तो
$18 + 6 \div 7 \times 5 - 2 = ?$
If '+' stands for division, '÷' stands for multiplication, '×' stands for subtraction and '–' stands for addition, then
$18 + 6 \div 7 \times 5 - 2 = ?$
(A) 20 (B) 16 (C) 22 (D) 18

18. चार विकल्पों में से दी गई आकृति (X) की सही दर्पण छवि चुनें।
Choose the correct mirror image of the given figure (X) from amongst the four alternatives.


(X)


(1) (2) (3) (4)

(A) (3) (B) (1) (C) (4) (D) (2)


Teachingninja.in

19. DBMS : SMBD : : JAVA : (?)
(A) AVAJ (B) AVJA
(C) AAVJ (D) JAAV

20. निम्न आकृति में कितने वर्ग हैं ?
How many squares are there in the following figure ?



(A) 14 (B) 12 (C) 16 (D) 13

21. एक व्यक्ति घर से शुरू करता है और 10 किमी पश्चिम की ओर चलता है, फिर दाएँ मुड़ता है और 7 किमी चलता है, फिर से दाएँ मुड़ता है और 14 किमी चलता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 4 किमी चलता है और अंत में बाएँ मुड़ता है और 4 किमी चलता है । वह व्यक्ति अपने घर से कितनी दूरी पर है ?
(A) 14 किमी (B) 10 किमी
(C) 17 किमी (D) 11 किमी
A person starts from home and moves towards west by 10 km, then turns right and moves by 7 km, again turns right and moves by 14 km, then turns left and moves by 4 km and at last turns left and moves by 4 km. How far the person is from home position ?
(A) 14 km (B) 10 km
(C) 17 km (D) 11 km

22. अक्षरों का कौन सा समूह दी गई अक्षर श्रृंखला में रिक्त स्थानों पर क्रमिक रूप से रखे जाने पर इसे पूरा करेगा ?
Which one set of letters when sequentially placed at the gaps in the given letter series shall complete it ?
_CB_CA_BACB_CA_BAC_D
(A) BDDDDB (B) ADDBBB
(C) BBBDDD (D) ADDDDB

23. दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनें जो श्रृंखला को पूरा करेगा :
Choose the correct alternative from given ones that will complete the series :
12, 23, 34, 45, 56, (?)
(A) 71 (B) 67 (C) 78 (D) 69

24. पिघलना : तरल :: जमना : (?)
(A) ठोस (B) बर्फ
(C) दाब (D) ऑक्सीजन
Melt : Liquid :: Freeze : (?)
(A) Solid (B) Ice
(C) Pressure (D) Oxygen

25. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन और उसके बाद I, II, III और IV क्रमांकित चार तर्क शामिल हैं । आपको यह तय करना होगा कि कौन सा/से तर्क 'मजबूत' तर्क है/हैं और कौन सा/से 'कमजोर' तर्क है/हैं और तदनुसार प्रश्न के नीचे दिए गए विकल्पों में से अपना उत्तर चुनें :
**कथन :** क्या इष्टतम आवश्यकताओं से अधिक शैक्षिक योग्यता वाले लोगों को नौकरी खोजने से वंचित किया जाना चाहिए ?
**तर्क :** I. नहीं । यह शिक्षित बेरोज़गारी की समस्या को और बढ़ा देगा ।
II. हाँ । यह कर्मचारियों के बीच जटिलताएँ पैदा करता है और काम पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है ।
III. नहीं । यह व्यक्तियों के मूल अधिकारों के विरुद्ध है ।
IV. हाँ । इससे उत्पादकता बढ़ेगी ।
(A) केवल III मजबूत है ।
(B) केवल I और II मजबूत हैं ।
(C) केवल IV मजबूत है ।
(D) केवल II और III मजबूत हैं ।
Question given below consists of a statement, followed by four arguments numbered I, II, III and IV. You have to decide which of the argument(s) is/are 'strong' argument(s) and which is/are 'weak' argument(s) and accordingly choose your answer from the alternatives given below the question :
**Statement :** Should people with educational qualification higher than the optimum requirements be debarred from seeking jobs ?
**Arguments :**
I. No. It will further aggravate the problem of educated unemployment.
II. Yes. It creates complexes among employees and affects the work adversely.
III. No. This goes against the basic rights of the individuals.
IV. Yes. This will increase productivity.
(A) Only III is strong.
(B) Only I and II are strong.
(C) Only IV is strong.
(D) Only II and III are strong.


Teachingninja.in

26. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन और उसके बाद I और II क्रमांकित दो धारणाएँ दी गई हैं। आपको कथन और निम्नलिखित धारणाओं पर विचार करना है और निर्णय लेना है कि कौन सी धारणाएँ कथन में अंतर्निहित है/हैं।

**कथन** : "यदि तुम मुझे परेशान करोगे तो मैं तुम्हें थप्पड़ मारूँगी।" - एक माँ अपने बच्चे को चेतावनी देती है।

**धारणाएँ** : I. चेतावनी से बच्चा उसे परेशान करना बंद कर सकता है।

II. सभी बच्चे मूलतः शरारती होते हैं।

(A) या तो I या II अंतर्निहित है।
(B) केवल धारणा I अंतर्निहित है।
(C) न तो I और न ही II अंतर्निहित है।
(D) केवल धारणा II अंतर्निहित है।

In the question below a statement followed by two assumptions numbered I and II is given. You have to consider the statement and the following assumptions and decide which of the assumption/s is/are implicit in the statement.

**Statement :** "If you trouble me, I will slap you." - A mother warns her child.

**Assumptions :**

I. With the warning, the child may stop troubling her.

II. All children are basically naughty.

(A) Either I or II is implicit.
(B) Only assumption I is implicit.
(C) Neither I nor II is implicit.
(D) Only assumption II is implicit.

**प्र. सं. 27 से 31** : निर्देश : निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर दें :

एक कंपनी के निम्नलिखित ग्रेच्युटी (G) और भविष्य निधि (PF) संबंधी नियम हैं:

1. किसी कर्मचारी को G या PF के लिए पात्र होने के लिए एक वर्ष की सेवा पूरी करनी होगी।
2. दस वर्ष की सेवा के बाद इस्तीफा देने वाले या नौकरी से बर्ख़ास्त किये जाने वाले या सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी को G और PF दोनों मिलते हैं।
3. पाँच वर्ष के बाद, लेकिन 10 वर्ष की सेवा से पहले सेवानिवृत्त होने वाले या नौकरी से बर्ख़ास्त किये जाने वाले कर्मचारी को G और PF दोनों मिलते हैं, लेकिन इस अवधि के दौरान इस्तीफा देने वाले को या तो G मिलती है या PF मिलता है।
4. 5 वर्ष की सेवा से पहले बर्ख़ास्त या सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी को PF मिलता है, लेकिन G नहीं; लेकिन इस अवधि के दौरान इस्तीफा देने वाले को न तो G मिलती है और न ही PF मिलता है।

तथापि,

5. यदि किसी कर्मचारी की 2 वर्ष की सेवा के बाद मृत्यु हो जाती है, तो उसके परिवार को G और PF दोनों मिलते हैं।
6. यदि कोई कर्मचारी बिना वेतन के छुट्टी पर था, तो ऐसी अवधि उसकी सेवा के कुल वर्षों से काट ली जाती है और फिर उपरोक्त नियम लागू किए जाते हैं।
7. किसी महिला कर्मचारी के मामले में, यदि उसने 2 वर्ष की सेवा पूरी कर ली है, तो विशेष विचार के रूप में, उपरोक्त नियमों को लागू करने से पहले उसकी वास्तविक सेवा में दो वर्ष जोड़ दिये जाते हैं।

उपरोक्त नियमों को निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न में वर्णित मामलों पर लागू करें और तय करें कि कर्मचारी G और/या PF के लिए पात्र है या नहीं।

**Q. Nos. 27 to 31 :** Directions : Read the following information carefully and answer the questions :

A company has following Gratuity (G) and Provident Fund (PF) rules:

1. An employee must have completed one year's service to be eligible for either G or PF.
2. An employee resigning or terminated or retiring after ten years' service gets both G and PF.
3. An employee terminated or retiring after five years but before 10 years' service gets both G and PF, but that resigning during this period gets either G or PF.
4. An employee terminated or retiring before 5 years' service gets PF but not G; but that resigning during this period gets neither G nor PF.

However,

5. in case an employee dies after 2 years' service, his family gets both G and PF.
6. in case an employee was on leave without pay, such period is deducted from his total years of service and then above rules are applied.
7. in the case of a lady employee, if she has completed 2 years' service, two years are added to her actual service before applying the above rules, as a special consideration.

Apply the above rules to the cases described in each of the following questions and decide whether the employee is eligible for G and/or PF or not.



Teachingninja.in

27. मिहिर को कंपनी में पाँच वर्ष के लिए नियुक्त किया गया था, इस दौरान उन्होंने बिना वेतन के एक वर्ष की छुट्टी ली और बाद में उन्हें सेवा से बर्ख़ास्त कर दिया गया ।

(A) यदि G या PF में से कोई एक दिया जा सकता है ।
(B) यदि केवल G दी जा सकती है ।
(C) यदि G और PF दोनों दिए जा सकते हैं ।
(D) यदि केवल PF दिया जा सकता है ।

Mihir has been employed by the company for five years, during which he took a one-year leave without pay and was subsequently terminated from the service.

(A) if either G or PF can be given.
(B) if only G can be given.
(C) if both G and PF can be given.
(D) if only PF can be given.

28. श्री अशोक को दस वर्ष बाद सेवा से बर्ख़ास्त कर दिया गया ।

(A) यदि G या PF में से कोई एक दिया जा सकता है ।
(B) यदि केवल G दी जा सकती है ।
(C) यदि G और PF दोनों दिए जा सकते हैं ।
(D) यदि केवल PF दिया जा सकता है ।

Mr. Ashok was terminated from service after ten years.

(A) if either G or PF can be given.
(B) if only G can be given.
(C) if both G and PF can be given.
(D) if only PF can be given.

29. श्रीमती वर्मा ने कंपनी में चार वर्ष तक सेवा प्रदान की और इस्तीफा दे दिया ।

(A) यदि G या PF में से कोई एक दिया जा सकता है ।
(B) यदि केवल G दी जा सकती है ।
(C) यदि G और PF दोनों दिए जा सकते हैं ।
(D) यदि केवल PF दिया जा सकता है ।

Mrs. Verma served the company for four years and resigned.

(A) if either G or PF can be given.
(B) if only G can be given.
(C) if both G and PF can be given.
(D) if only PF can be given.

30. श्रीमती देवल ने कंपनी में तीन वर्ष तक काम किया । हालाँकि, उस समय के 3/2 वर्षों के दौरान, वह अवैतनिक अवकाश पर थीं । आख़िरकार, उसे नौकरी से निकाल दिया गया ।

(A) यदि G या PF में से कोई एक दिया जा सकता है ।
(B) यदि केवल G दी जा सकती है ।
(C) यदि G और PF दोनों दिए जा सकते हैं ।
(D) यदि केवल PF दिया जा सकता है ।

Mrs. Deval worked at the company for three years. However, during 3/2 years of that time, she was on unpaid leave. Eventually, she was terminated from the job.

(A) if either G or PF can be given.
(B) if only G can be given.
(C) if both G and PF can be given.
(D) if only PF can be given.

31. अक्षय ने कंपनी के लिए सात वर्ष तक काम किया और तीन वर्ष से चली आ रही लंबी बीमारी के कारण अंततः इस्तीफा दे दिया, जिसके दौरान वह अवैतनिक अवकाश पर थे ।

(A) यदि न तो G दी जा सकती है और न ही PF दिया जा सकता है ।
(B) यदि केवल G दी जा सकती है ।
(C) यदि G या PF में से कोई एक दिया जा सकता है ।
(D) यदि केवल PF दिया जा सकता है ।

Akshay worked for the company for seven years and eventually resigned due to a prolonged illness that lasted three years, during which he was on an unpaid leave.

(A) if neither G nor PF can be given.
(B) if only G can be given.
(C) if either G or PF can be given.
(D) if only PF can be given.



Teachingninja.in

32. आप एक पुलिस अधिकारी के रूप में तैनात हैं; सोशल मीडिया निगरानी से, निषेधाज्ञा का उल्लंघन करते हुए अनधिकृत राजनीतिक रैली की योजना का पता चलता है । आपको :

(A) इंटरनेट सेवाओं के अस्थायी निलंबन का अनुरोध करना चाहिए ।

(B) विद्रोही सोशल मीडिया पोस्ट के लिए आयोजकों को गिरफ्तार करना चाहिए ।

(C) प्रवेश द्वारों से प्रवेश को रोकने के लिए बलों को तैनात करना चाहिए ।

(D) आदेश प्रतिबंधों को समझाने के लिए आयोजकों को बाध्य करना चाहिए ।

You are stationed as a police officer; social media monitoring reveals plans for unauthorized political rally violating prohibitory orders. You should:

(A) Request temporary suspension of internet services.

(B) Arrest organizers for subversive social media posts.

(C) Deploy forces to firmly deny entry points.

(D) Engage organizers to explain order restrictions.

33. आप एक पुलिस अधिकारी के रूप में तैनात हैं; एक महिला ने अपनी नाबालिग बेटी की अंतरंग तस्वीरों के सम्बन्ध में फोन पर उत्पीड़न की शिकायत की । कानून के अनुसार, आपको :

(A) कॉलर आईडी ट्रेस के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार करना चाहिए ।

(B) नाबालिग की गलती बताते हुए मामले को नजरअंदाज करना चाहिए ।

(C) माता-पिता को अपनी बेटी से परामर्श करने की सलाह देनी चाहिए ।

(D) नाबालिग के माता-पिता को सावधान करना चाहिए और वैधानिक आरोप दायर करने चाहिए ।

You are stationed as a police officer; a woman reports phone harassment of her minor daughter's intimate photos. As per law, you should :

(A) Arrest the accused based on caller ID traces.

(B) Ignore the case attributing fault to the minor.

(C) Advise parents to counsel their daughter.

(D) Caution the minor's parents and file statutory charges.

34. आप एक पुलिस अधिकारी के रूप में तैनात हैं; जाली ई-कॉमर्स वेबसाइट घोटालेबाजों की पहचान करने के लिए, आपको :

(A) हैकर्स को नियुक्त करना चाहिए और बिना सर्च वारंट के विक्रेता बैंक खातों का विश्लेषण करना चाहिए ।

(B) क्षेत्र के सभी नागरिकों की ऑनलाइन खरीदारी की निगरानी करनी चाहिए ।

(C) सभी अनधिकृत ऑनलाइन शॉपिंग पोर्टल्स और ऐप्स पर प्रतिबंध लगाना चाहिए ।

(D) साइट पंजीकरण का पता लगाने के लिए एथिकल हैकर टीमों को इकट्ठा करना चाहिए ।

You are stationed as a police officer; to identify fake e-commerce website scammers, you should :

(A) Hire hackers and analyze vendor bank accounts without search warrants.

(B) Monitor online purchases of all citizens in the region.

(C) Ban all unauthorized online shopping portals and apps.

(D) Assemble ethical hacker teams to trace site registrations.

35. दंगा-प्रवण क्षेत्र में स्टेशन प्रमुख के रूप में, सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने के लिए, आपको :

(A) खतरनाक हथियारों को रखने पर निषेध आदेश लागू करना चाहिए ।

(B) संभावित उपद्रवियों की सोशल मीडिया प्रोफ़ाइल की निगरानी करनी चाहिए ।

(C) अंतर-धार्मिक विश्वास का निर्माण करने वाले उपायों के लिए वार्ता की व्यवस्था करनी चाहिए ।

(D) शांति के उल्लंघन के प्रयासों को टालने के लिए निवारक गिरफ्तारियाँ करनी चाहिए ।

As station head in a riot-prone area, to uphold communal harmony, you should :

(A) Impose prohibition orders on dangerous weapons' possession.

(B) Monitor social media profile of potential troublemakers.

(C) Arrange talk for inter-faith confidence building measures.

(D) Make preventive arrests to avoid breach of peace attempts.



Teachingninja.in

36. ऑनलाइन कट्टरपंथ के मामलों की जाँच करते समय, आपको :

(A) सार्वजनिक सतर्कता के लिए आधिकारिक चैनलों पर संबंधित असत्यापित स्निपेट्स साझा करने चाहिए ।

(B) प्रतिक्रियाएँ आकर्षित करने के लिए भड़काऊ पोस्ट करने वाले अंडरकवर एजेंट के रूप में कार्य करना चाहिए ।

(C) पैटर्न विश्लेषण के लिए विशेष फोरेंसिक परामर्शदाता अंतर्दृष्टि का उपयोग करना चाहिए ।

(D) ऐसे विषयों पर साइकोमेट्रिक एनालिटिक्स चलाने के लिए अदालत की मंजूरी प्राप्त करनी चाहिए ।

When investigating online radicalization cases, you should :

(A) Share concerning unverified snippets on official channels for public vigilance.

(B) Act as undercover agent posting inflammatory posts to attract responses.

(C) Use specialized forensic counsellor insights for pattern analysis.

(D) Obtain court approval for psychometric analytics to be run on such subjects.

37. आप एक जाँच अधिकारी हैं; एक प्रतिष्ठित आध्यात्मिक नेता यौन शोषण कांड में फँसा हुआ है और वह आपके द्वारा समर्थित अच्छे कार्यों के लिए आशीर्वाद और धन की पेशकश करते हुए दायर की गई कानूनी शिकायतों को रद्द करने का अनुरोध करता है । आपको :

(A) कानूनी रूप से निष्क्रियता का वादा करके पीड़ित तक पहुँच में गुप्त रूप से सहायता करनी चाहिए ।

(B) मुकदमा क्षति को सीमित करने में नेता की आंशिक रूप से सहायता करनी चाहिए ।

(C) मानक मानदंडों का उल्लंघन करते हुए व्यक्तिगत रूप से अभियोजन चलाना चाहिए ।

(D) प्रक्रिया के अनुसार निष्पक्ष जाँच करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए ।

You are an Investigating Officer; a celebrated spiritual leader is implicated in a sexual abuse scandal and requests quashing of legal complaints filed offering blessings and funds for good causes backed by you. You should :

(A) Promise inaction legally but aid secretly in access to victim.

(B) Partially assist the leader in limiting trial damage.

(C) Personally conduct prosecution violating standard norms.

(D) Commit to impartially investigating as per procedure.

38. आप एक अपराध शाखा इकाई में एक निरीक्षक हैं जो संगठित अपराधों और गिरोहों से निपटती है । आप पिछले तीन वर्षों से इस इकाई में कार्यरत हैं । हालाँकि, नीति में बदलाव के कारण, आपको महिला सेल में स्थानांतरित कर दिया जाता है जहाँ आपको महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित मामलों से निपटना होता है । आपको लगता है कि यह कम चुनौतीपूर्ण और फायदेमंद काम है । आपको :

(A) नीति परिवर्तन को स्वीकार करना चाहिए और अपराध शाखा इकाई में अपने संपर्क और भागीदारी बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए ।

(B) नीति परिवर्तन को चुनौती देनी चाहिए और तर्क देने चाहिए कि आपके कौशल और अनुभव अपराध शाखा इकाई के लिए अधिक अनुकूल हैं ।

(C) नीति परिवर्तन को स्वीकार करना चाहिए और जल्द से जल्द अपराध शाखा इकाई में वापस जाने के तरीकों की तलाश करनी चाहिए ।

(D) नीति परिवर्तन को स्वीकार करना चाहिए और महिला सेल में मामलों से निपटने के लिए अपने कौशल और अनुभव का उपयोग करना चाहिए ।

You are an inspector in a crime branch unit that deals with organized crimes and gangs. You have been working in this unit for the past three years. However, due to a policy change, you are transferred to a women's cell where you have to deal with cases related to women's safety and empowerment. You feel that this is a less challenging and rewarding work. You should:

(A) Accept the policy change and try to maintain your contacts and involvement in the crime branch unit.

(B) Challenge the policy change and argue that your skills and experience are better suited for the crime branch unit.

(C) Accept the policy change and look for ways to get back to the crime branch unit as soon as possible.

(D) Accept the policy change and use your skills and experience to deal with the cases in the women's cell.



Teachingninja.in

39. एक पुलिस अधिकारी के रूप में, आपके जिले में अल्पसंख्यक धार्मिक घृणा अपराधों की रिपोर्ट करते हैं । आपको :

(A) नफरत भरे पोस्टों की बड़े पैमाने पर रिपोर्ट करने के लिए जिला साइबर गश्त लागू करनी चाहिए ।
(B) कट्टरपंथी वैचारिक समूहों पर ऑनलाइन प्रोफ़ाइल निगरानी करनी चाहिए ।
(C) सामुदायिक नेताओं को शामिल करते हुए अंतर-धार्मिक शांति पहल का आयोजन करना चाहिए ।
(D) अभियोजन फास्ट-ट्रैक करते हुए अनुकरणीय सजा की घोषणा करनी चाहिए ।

As a police officer, minorities in your district report experiencing religious hate crimes. You should:

(A) Implement district cyber patrolling to mass report hate posts.
(B) Online profile surveillance on radical ideological groups.
(C) Organize inter-faith peace initiatives involving community leaders.
(D) Fast-track prosecutions announcing exemplary sentences.

40. राष्ट्रीय सुरक्षा की प्राथमिकता तब चरमोत्कर्ष पर पहुँचती है जब आपका जीवनसाथी किसी गंभीर दुर्घटना का शिकार हो जाता है जिसके लिए सर्जरी की आवश्यकता होती है । आपको :

(A) पारिवारिक प्राथमिकता के लिए डिप्टी को पूरा प्रभार सौंपना चाहिए ।
(B) ध्यान भटकाने से बचने के लिए परिवार को सूचित करने में देरी करनी चाहिए ।
(C) रणनीतिक रूप से व्यापक टीम के बीच विशेषज्ञता क्षेत्रों को आवंटित करना चाहिए ।
(D) परिचालन समन्वय नियुक्त करते हुए संक्षिप्त अवकाश लेना चाहिए ।

A national security priority manhunt enters climax when your spouse meets a serious accident requiring surgery. You should :

(A) Handover full charge to deputy for family priority.
(B) Delay informing family to avoid distraction.
(C) Strategically allocate expertise areas among wider team.
(D) Take brief leave deputing operational coordination.

41. एक पुलिस अधिकारी के रूप में, मैं निम्नलिखित द्वारा देशभक्ति का सर्वोत्तम प्रदर्शन कर सकता हूँ:

(A) लोकतांत्रिक संस्थानों की सुरक्षा करके ।
(B) कानून तोड़ने वालों से रिश्वत स्वीकार करके ।
(C) नागरिकों पर अपने धार्मिक मूल्यों को थोपकर ।
(D) प्रदर्शनकारियों को वश में करने के लिए बल प्रयोग करके ।

As a police officer, I can best demonstrate patriotism by :

(A) Safeguarding democratic institutions.
(B) Accepting bribes from law breakers.
(C) Imposing my religious values on citizens.
(D) Using force to subdue protesters.

42. एक पुलिस अधिकारी के रूप में, आप वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ महिला कांस्टेबलों की ओर से कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायतें देखते हैं । आपको :

(A) कमांड भूमिकाओं से आलिप्त कार्मिकों के स्थानांतरण को लागू कराना चाहिए ।
(B) कार्रवाई का वादा करते हुए आंतरिक शिकायत समिति का गठन करना चाहिए ।
(C) गोपनीयता सुनिश्चित करते हुए मामलों को बाहरी एजेंसियों को संदर्भित करना चाहिए ।
(D) बड़े पैमाने पर लिंग संवेदनशीलता प्रशिक्षण मॉड्यूल लागू करना चाहिए ।

As a police officer, you notice workplace sexual harassment complaints from women constables against senior officers. You should :

(A) Enforce transfers of implicated personnel from command roles.
(B) Setup internal complaints committee promising action.
(C) Refer cases to external agencies ensuring confidentiality.
(D) Implement mass gender sensitivity training modules.



Teachingninja.in

43. एक पुलिस अधिकारी के रूप में, आपको एक बैंक मैनेजर की, बंधकों के साथ चल रही सशस्त्र डकैती के बारे में घबराहट भरी कॉल आती है । मानक संचालन प्रक्रियाओं के अनुसार, इनमें से आपकी तत्काल प्रतिक्रिया क्या होनी चाहिए ?
(A) क्षेत्र को अलग करने के लिए सीमा चौकियाँ स्थापित करें ।
(B) बिना किसी बैकअप के सीधे अपराध स्थल पर पहुँचे ।
(C) सार्वजनिक जानकारी इकट्ठा करने के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करें ।
(D) अन्य आपातकालीन सेवाओं को सूचित करें और उनके साथ समन्वय करें ।

As a police officer, you get a panic call from a bank manager about an armed robbery in progress with hostages. As per standard operating procedures, which of these should be your immediate response ?
(A) Set-up perimeter checkpoints to isolate the area
(B) Rush to the crime scene directly without back-up
(C) Use social media to gather public information
(D) Inform and coordinate with other emergency services

44. एक पुलिस अधिकारी के रूप में, आपको अपने कौशल और ज्ञान को बढ़ाने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण और मूल्यांकन से गुजरना पड़ता है । निम्नलिखित में से उस संस्था का नाम क्या है जो भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान करती है ?
(A) राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड अकादमी
(B) राष्ट्रीय पुलिस अकादमी
(C) राष्ट्रीय फोरेंसिक विज्ञान अकादमी
(D) राष्ट्रीय रक्षा अकादमी

As a police officer, you are required to undergo periodic training and evaluation to enhance your skills and knowledge. Which of the following is the name of the institution that provides training to the Indian Police Service Officers ?
(A) National Security Guard Academy
(B) National Police Academy
(C) National Forensic Science Academy
(D) National Defence Academy

45. एक निश्चित कूट में "CHURCH" को "SXIFSX" के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, उस कूट में "TEMPLE" को कैसे लिखा जाएगा ?
In certain code "CHURCH" is coded as "SXIFSX", how would "TEMPLE" be written in that code ?
(A) VGKNVO (B) VGKNOV
(C) GNVKVO (D) GVNKOV

46. एक व्यक्ति उत्तर दिशा में 7 किमी चलता है, फिर बायीं ओर मुड़ता है और 4 किमी चलता है, फिर से बायीं ओर मुड़ता है और 9 किमी चलता है, फिर से बायीं ओर मुड़ता है और 4 किमी चलता है । व्यक्ति प्रारंभिक स्थिति से कितनी दूर है ?
(A) 13 किमी (B) 2 किमी
(C) 16 किमी (D) 11 किमी
A person moves in north direction by 7 km, then turns left and moves by 4 km, again turns left and moves by 9 km, again turns left and moves by 4 km. How far the person is from initial position ?
(A) 13 km (B) 2 km
(C) 16 km (D) 11 km

47. प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर उपयुक्त विकल्प खोजें ।
पथिक : सफर : : नाविक : (?)
(A) समुद्रयात्रा (B) पानी
(C) कर्मीदल (D) जहाज
Find suitable alternative in place of question mark (?).
Traveller : Journey : : Sailor : (?)
(A) Voyage (B) Water
(C) Crew (D) Ship

48. निम्नलिखित प्रश्न में कुछ शब्द दिये गये हैं । उनमें विषम को छोड़कर कुछ सामान्य विशेषताएँ हैं । आपको इनमें से विषम को ढूंढ़ना है ।
(A) असंतुष्ट (B) मेहनती
(C) समर्पित (D) गरिमामय
In following question, some words are given. They have some common features except the odd one. You are required to find odd one out.
(A) Dissident (B) Diligent
(C) Devoted (D) Dignified

49. दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनें जो शृंखला को पूरा करेगा :
Choose the correct alternative from given ones that will complete the series :
20, 20, 24, 42, 90, (?)
(A) 200 (B) 180
(C) 210 (D) 190


Teachingninja.in

50. यदि शब्द "LINGUIST" के पहले, तीसरे और छठे अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला शृंखला के अनुसार उनके ठीक पहले वाले अक्षरों में बदल दिया जाए और चौथे और सातवें अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला शृंखला के अनुसार उनके ठीक बाद वाले अक्षरों में बदल दिया जाए, तो नवगठित शब्द के तीसरे और पाँचवें अक्षर के बीच कितने अक्षर (अंग्रेजी वर्णमाला शृंखला के अनुसार) हैं ?

If first, third and sixth letters of the word "LINGUIST" are changed to their immediately preceding letters as per English alphabet series and fourth and seventh letters are changed to their immediately succeeding letters as per English alphabet series, then how many letters are there between the third and fifth letter of the newly formed word (according to English alphabet series) ?

(A) 8 (B) 6
(C) 9 (D) 7

51. राहुल और रॉबिन भाई हैं । प्रमोद, रॉबिन के पिता हैं । शीला, प्रमोद की बहन है । प्रेमा, प्रमोद की भांजी है । शुभा, प्रेमा की पुत्री है । राहुल, शुभा से किस प्रकार संबंधित है ?

(A) मामा
(B) भाई
(C) निर्धारित नहीं किया जा सकता ।
(D) चचेरा भाई

Rahul and Robin are brothers. Pramod is Robin's father. Sheela is Pramod's sister. Prema is Pramod's niece. Shubha is Prema's daughter. How is Rahul related to Shubha ?

(A) Maternal Uncle
(B) Brother
(C) Can't be determined
(D) Cousin

52. एक सटीक घड़ी सुबह के 9 बजे का समय दिखाती है । जब घड़ी उसी दिन दोपहर के 3 बजे का समय दिखाती है तो घंटे की सूई कितने डिग्री तक घूमेगी ?

An accurate clock shows 9 o'clock in the morning. Through how many degrees will the hour hand rotate when the clock shows 3 o'clock in the afternoon on the same day ?

(A) 175° (B) 165°
(C) 180° (D) 170°

53. निम्न आकृति का अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें :

Study the following figure and answer the question given below :




कितने पिछड़े लोग शिक्षित नहीं हैं ?

How many backward people are not educated ?

(A) 22 (B) 5
(C) 12 (D) 17

54. निम्नलिखित में से कौन सा आरेख समुद्र, पृथ्वी, सूर्य के बीच संबंध को सबसे अच्छी तरह दर्शाता है ?

Which of the following diagrams best indicates the relation between Sea, Earth, Sun ?

(A) 
(B) 
(C) 
(D) 



Teachingninja.in

360 ÷ 12 + 4 × 3 = 304
42 + 4 × 3
46 × 3

55. हल करें : 360 ÷ 12 + 4 × 3 = ?

Solve : 360 ÷ 12 + 4 × 3 = ?

(A) 102 (B) 15
(C) 106 (D) 42

56. K, G से बड़ा है, G, A से बड़ा है, A, R से छोटा है, R, G से छोटा है, तो इनमें से कौन सबसे छोटा है ?

K is older than G, G is older than A, A is younger than R, R is younger than G, then who among them is youngest ?

(A) R (B) G
(C) A (D) K

57. एक घनाकार लकड़ी के ब्लॉक की लंबाई 6 सेमी, चौड़ाई 4 सेमी और ऊँचाई 1 सेमी है। 4 सेमी × 1 सेमी माप वाले दो फलक काले रंग से रंगे गए हैं। 6 सेमी × 1 सेमी माप वाले दो फलक लाल रंग में रंगे गए हैं। 6 सेमी × 4 सेमी माप वाले दो फलक हरे रंग में रंगे गए हैं। ब्लॉक को (6 सेमी भुजा की ओर से) 1 सेमी भुजा वाले 6 बराबर घन में, (4 सेमी भुजा की ओर से) 1 सेमी भुजा वाले 4 बराबर घन में विभाजित किया गया है।

ऐसे कितने घन हैं जिनकी दो तरफ हरा रंग है और बाकी सभी तरफ कोई रंग नहीं है ?

